>

Title: Need to provide infrastructural facilities of international standards at Jaipur and Ajmer railway stations in Rajasthan.

श्री महेश जोशी (जयपुर): माननीय रेल मंत्री ने अपने 2009-2010 के बजट भाषण में यह घोषणा की थी कि देश के 50 रेलवे स्टेशनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय स्टेशनों के रूप में विकसित किया जायेगा। उन 50 रेलवे स्टेशनों में जयपुर व अजमेर रेलवे स्टेशन भी थे, लेकिन पिछला बजट सत्र बीत जाने के बाद भी जयपुर व अजमेर रेलवे स्टेशनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त करने के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि आपने जो वायदा अपने बजट भाषण 2009-2010 में किया था, उसको शीघ्रातिशीघ्र पूरा करें और बिना किसी विलम्ब के जयपुर व अजमेर रेलवे स्टेशन और अन्य रेलवे स्टेशनों को भी विश्वस्तरीय बनाने के लिए कदम उठायें।